# 68 तीर्थों के जल से हुआ विश्वेश्वर महादेव का जलाभिषेक



## विदिशा में भव्य कांवड़ यात्रा, 5 किलोमीटर की यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 अगस्त, सावन मास के पावन अवसर पर सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य कावड़ यात्रा ने विदिशा नगर को पूरी तरह शिवमय कर दिया. इस आध्यात्मिक आयोजन का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने किया, जबकि महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन और समिति पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.**

यात्रा का शुभारंभ जीवनदायिनी मां बेतवा के तट से वैदिक मंत्रोच्चार एवं पंडित संजय पुरोहित द्वारा कावड़ पूजन तथा महाकाल की शाही सवारी की पूजा-अर्चना के साथ विधिवत रूप से किया गया.यात्रा की विशेषता यह रही कि इसमें 68 पवित्र तीर्थों (भरतकूप सहित) से लाए गए जल से विश्वेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया गया. इस अद्वितीय धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि यह यात्रा लगभग 5 किलोमीटर लंबी थी, जिसे श्रद्धालुओं ने 5 घंटे में पूर्ण किया.हर हर महादेव और %बम बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया. महाकाल की शाही सवारी इस यात्रा का मुख्य आकर्षण रही, जिसे देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. यात्रा संयोजक मनीषा अखिलेश राजपूत ने बताया कि यात्रा मार्ग में 40 से अधिक स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए थे, जहां विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने फूलों, मिठाइयों और जलपान से कावड़ियों का स्वागत किया।सह संयोजक रेखा मनोज शर्मा ने जानकारी दी कि भोलेनाथ एवं शिव-पार्वती की आकर्षक झांकियां और उज्जैन से आए ढोल-ताशा दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा के दौरान ढोल की तालों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए.

यात्रा की सुचारु व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन और नगर पालिका का विशेष सहयोग रहा. एसडीएम, कोतवाली थाना प्रभारी, सिविल लाइन थाना प्रभारी और यातायात प्रभारी लगातार यात्रा मार्ग पर निगरानी बनाए रहे.नगर पालिका की ओर से सीएमओ द्वारा सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया.श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की दृष्टि से डॉक्टरों की टीम एंबुलेंस सहित यात्रा के साथ चलती रही, जिससे चिकित्सा सुविधा की सतत उपलब्धता बनी रही.समिति प्रवक्ता मनोज शर्मा ने यात्रा की मीडिया कवरेज हेतु सभी मीडिया साथियों का आभार जताया और कावड़ यात्रा में सहभागी बने समस्त श्रद्धालुओं व गणमान्य नागरिकों का धन्यवाद किया।इस अवसर पर समिति के संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी, चन्द्रकुमार शर्मा, महामंत्री राहुल कुशवाहा, दीपक सक्सेना, प्रशांत रघुवंशी, नीलम राजपूत, अनामिका पचौरी, मिथलेश दांगी, कल्पना किरार, नेहा राजपूत, विधायक मुकेश टंडन, मनोज कटारे, राकेश शर्मा, शशांक भार्गव, संदीप डोगर सिंह, तेजेंद्र सिंह बन्नू भैया, दिनेश कुशवाह, ज्योति शाह, मंजरी जैन, रिंकेश श्रीवास्तव, राधिका शरण दास, विमलेश सक्सेना, हैप्पी यादव, सौरभ श्रीवास्तव, प्रियंक जैन, गोलू कुशवाह, देवांश ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में विप्रजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे.

## कुरवाई में कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं का अनेक जगह हुआ स्वागत

नगर के मुरलीधर मंदिर से आरम्भ होकर विषाल काबड यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई दुनातर स्थित श्री महादेव मंदिर पहुंची, काबड यात्रा में अखाडे का प्रदर्षन करते हुए युवक आकर्षण का केन्द्र रहे, वहीं लम्बी दूरी की पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का नगर कुरवाई में दो दर्जन स्थानों पर अभिनंदन किया गया. सत्य श्री सनातन धर्म समिति के आयोजकगण तथा कार्यक्रम के संयोजक जनपद सदस्य श्रीमती सीमा दीपचन्द सप्रे षिवअभिषेक के अलावा पूर्व नपा अध्यक्ष गिरजेष साहू, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, पूर्व नपा अध्यक्ष सन्दीप सप्रे, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ठाकुर थानसिंह चैहान, सहित अनेक प्रमुख समाजसेवी जन सम्मिलित हुए.काबड यात्रा का नगर कुरवाई में सभी जाति वर्ग व सभी धर्मो के नागरिकों ने स्वागत किया.

## सांची में श्रद्धा व भक्ति के साथ निकली भव्य कांवड़ यात्रा

श्रावण मास की पावन बेला में आज नगर में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा से ओतप्रोत भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई. इस पवित्र यात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर, कानाखेड़ा से हुआ, जहां मंदिर महंत श्री चंद्रमा दास त्यागी महाराज के सान्निध्य में विधिवत पूजा-अर्चना कर कांवड़ यात्रा का श्रीगणेश हुआ.यह आध्यात्मिक यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर रंगई गणेश मंदिर पहुंची, जहां भक्तों ने विधिपूर्वक जल भरा. इसके उपरांत कांवड़ यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः हनुमान मंदिर पहुंची। समापन स्थल पर शिवभक्तों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई और प्रसादी वितरण के साथ यात्रा का समापन हुआ.महंत श्री चंद्रमा दास त्यागी महाराज ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है.कांवड़ यात्रा का उद्देश्य केवल जल चढ़ाना नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, सेवा और संयम के मार्ग पर चलना है. नगर में हर वर्ष श्रद्धा की यह जोत बढ़ रही है, जो अत्यंत हर्ष का विषय है.कमलकिशोर पटेल, ने कहा कि कांवड़ यात्रा में युवाओं का उत्साह और महिलाओं की आस्था देखकर मन गदगद हो गया. हर वर्ष यह आयोजन और भव्य स्वरूप ले रहा है.संजीत वर्मा, युवा शिवभक्त ने कहा कि इस यात्रा में भाग लेना सौभाग्य की बात है. शिव के प्रति यह भक्ति हमें संयम, साहस और सेवा की प्रेरणा देती है.जो अनुभूति इस यात्रा में होती है, वह अवर्णनीय है.कांवड़ यात्रा की सफलता एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनज़र प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे. पुलिस बल द्वारा पूरे मार्ग पर सतर्क निगरानी रखी गई तथा कांवड़ मार्ग को वाहनों से मुक्त रखा गया.

## उदयपुर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब



गंजबासौदा के ग्राम उदयपुर के प्राचीन शिव मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना की मंदिर से लेकर बाजार तक आसपास गांव में जहां देखो वहां श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था. पूरा गांव भगवान शिव की आराधना में डूबा हुआ था. ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धा लू पिंड भरते हुए जयकारा लगाते हुए आ रहे थे.धूल और कीचड़ में लथपथ श्रद्धालुओं की हालात देखते ही बनती थी.इस वर्ष अचानक श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ देखकर प्रशासन भी हैरान था क्योंकि उस हिसाब से व्यवस्था नहीं की गई थी.परंतु किसी तरह की अप्रिय घटना घटित नहीं हुई और श्रद्धालु कतार लगाकर भगवान भोलेनाथ के दरबार में आते जाते रहे भंडारे प्रसादी की व्यवस्था भी की गई थी पानी के टैंकर भी श्रद्धालुओं के लिए रखे गए थे.रात्रि के समय विशेष पूजा अर्चना भी हुई नगर के अन्य शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का आना-जाना लग रहा.इस वर्ष कुछ अलग ही उत्साह नजर आ रहा था.

## ग्यारसपुर में उमड़ा शिवभक्ति का सैलाब, कांवड़ियों का हुआ भव्य स्वागत



चौथे सावन सोमवार को शिवभक्ति में पूरी तरह डूबा.सुबह से ही नगर के प्रमुख शिवालयों कुशवाहा शिवालय, दमदमा धाम, मोटे शंकर महादेव मंदिर में शिव भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं. पूरे नगर में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे.दोपहर के बाद नगर में विभिन्न कांवड़ यात्राओं का आगमन हुआ, जिनका श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया. विशेष आकर्षण रही महाकाल डाक कांवड़ यात्रा, जिसके 90 कांवड़ियों ने नर्मदापुरम से 170 किमी की दूरी मात्र 10 घंटे में तय कर मां नर्मदा का पावन जल भोलेनाथ को अर्पित किया. सभी कांवड़िए मोटे शंकर महादेव मंदिर पहुंचकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया एवं आरती के पश्चात सभी भक्तों के लिए प्रसादी वितरण की गई. सभी भक्त भोलेनाथ की भक्ति में लीन हो गए. नगर में दिनभर श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अलौकिक दृश्य देखने को मिला। सावन के पावन माह में शिवभक्तों का यह अद्भुत संगम धार्मिक एकता और समर्पण का प्रतीक बना रहा.

## कांवड़ यात्रा में निकली शाही सवारी



सिरोंज, हर हर महादेव के जयकारों के साथ केसरिया वस्त्रों से सज धजकर, कांधे पर कांवड़ लेकर सावन के अंतिम सोमवार को कांवड़ यात्रा निकाली गई. शहर के नागेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई इस कांवड़ यात्रा में भक्त बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर तक करीब 15 किमी की पदयात्रा कर पहुंचे. कांवड़ यात्रा का नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने जगह जगह स्वागत किया. कांवड़ यात्रा का यह लगातार 15 वां वर्ष था.नागेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना उपरांत कृषि उपज मंडी प्रांगण से शुरू हुई कांवड़ यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई नीलकंठ मंदिर मार्ग से आरोन मार्ग पर पहुंची. समिति के आव्हान पर नागरिको ने आकर्षक ढंग से कांवड़ भी सजाई थी. समापन पर समिति द्वारा इनको पुरुस्कृत किया गया.

### बाबा विश्वनाथ की निकली शाही सवारी

कांवड़ यात्रा समिति द्वारा बाबा विश्वनाथ की आकर्षक पालकी सजाई गई. पालकी में बाबा विश्वनाथ के मुखारबिंद को विराजित किया गया. यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने कांवड़ के जल से बाबा विश्वनाथ का अभिषेक किया. कांवड़ यात्रा में संत रविदास जी, संत कबीरदास जी के चित्रों को रथ पर विराजित किया गया था. कांवड़ यात्रा में भगवान भोलेनाथ, माता महाकाली एवं राधारानी संग झांकी भी शामिल की गई थी. जो आकर्षण का केंद्र रही. झांकियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.

## डावरी से निकाली कांवड़ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

पठारी तहसील अंतर्गत ग्राम डावरी एवं क्षेत्र भर के ग्रामीणों ने विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया कावड़ यात्रा में युवाओं और बच्चों मैं उत्साह नजर आया कावड़ यात्रा डीजे के साथ श्री नीलकंठेश्वर शिव मंदिर उदयपुर के लिए निकाली गई कावड़ यात्रा समिति के सभी सदस्य एवं श्रद्धालु आज आखरी सोमवार को गंगाजल को लेकर सभी श्रद्धालु एवं कावड़ियों ने सुबह 8 बजे कावड़ यात्रा ग्राम डावरी से प्रारंभ हुई जहां गंगाजल के साथ कावड़ यात्रा निकाली गई कावड़ यात्रा ग्राम डावरी से प्रारंभ हुई जो जरतोली,पलीता,भालबमोरा चौराहा,किशनोदा,नरोदा से होते हुए नीलकंठेश्वर मंदिर उदयपुर के लिए निकाली गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि सावन का आखरी सोमवार होने की बजह भी लोगो मे भारी उत्साह था कावड़ यात्रा में मौजूद श्रद्धालुओं का जगह जगह स्वागत किया जा रहा था सावन में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व होता है तो सावन में कावड़ यात्रा का भी खास महत्व है.मान्यता है कि कावड़ यात्रा कर जो भी सावन में भगवान शिव की पूजा करता है उसके जीवन के सभी कष्ट मिट जाते हैं और शिव कृपा प्राप्त होती है.इसी उद्देश्य को लेकर कई दर्जनों कावड़ लेकर एवं सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त नंगे पैर कावड़ में जल भरकर पैदल चलते हुए महिलाएं पुरुष बच्चे युवा सहित डीजे की धुन पर 20 किलोमीटर पैदल यात्रा कर नीलकंठेश्वर धाम उदयपुर शिव मंदिर के लिए निकाली कावड़ यात्रा कावड़ यात्रा का स्वागत जरतोली में पदम सिंह ठाकुर,रोहित ठाकुर,रविन्द्र ठाकुर के द्वारा किया गया.

## ग्रामसभा की कार्यवाही में शामिल होंगे नोडल अधिकारी

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को आयोजित होने वाली ग्रामसभाओं की कार्यवाही में ग्रामवार नियुक्त नोडल अधिकारी शामिल होंगे इसके अलावा जिन विभागो के जिलाधिकारियों को जो ग्राम आवंटित किए गए है उन ग्रामो में संबंधित विभागीय अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज हो उक्त आश्य के निर्देश कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक के दौरान दिए है. कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि स्वंतत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के बाद जिलाधिकारी आवंटित ग्राम में पहुंचकर ग्रामसभा की कार्यवाही का अवलोकन करेंगे और पात्रताधारियो को योजनाओं के हितलाभ दिलाए जाने की कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित कराएंगे.

## बस स्टैंड बना लोडिंग ऑटो स्टैंड

### बस चालक होते हैं परेशान

नवभारत न्यूज

**पठारी, नगर का मुख्य बस स्टैंड अब लोडिंग ऑटो स्टैंड लगने लगा है क्योंकि बस स्टैंड पर दर्जनों की संख्या में लोडिंग ऑटो चालक कहीं पर भी अपनी मनमर्जी से अपना लोडिंग ऑटो खड़ा कर के चले जाते हैं जिससे आए दिन विवादों की स्थिति बनती है.**



नगर का मुख्य मार्ग होने के कारण यहां टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों का आना-जाना लगा रहता है वहीं बस चालकों को अपनी बसों को क्रॉसिंग करने एवं मोड़ने में दिक्कतों को सामना करना पड़ता है जिससे कई बार विवाद होने की स्थिति बनती है विवादों के चलते एवं पर्याप्त जगह नहीं होने की वजह से लंबी दूरी जिसमें इंदौर भोपाल विदिशा बीना खुरई सागर टीकमगढ़ रूट पर चलने वाली यात्री बसें मुख्य बस स्टैंड से लगभग एक किलोमीटर की दूरी फार्म चौराहा पर मुख्य मार्ग की साइटो में खड़ी होती है जहां सवारियों को आने-जाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं यात्री बसों के इंतजार में सवारिया खुले आसमान एवं होटलो की शरण में बैठने को मजबूर हो जाती हैं वही बस चालकों का कहना है कि बस स्टैंड पर लोडिंग ऑटो की कोई आवश्यकता नहीं है लोडिंग ऑटो के लिए कहीं और स्थान दिया जाए जिससे सवारी ऑटो एवं बसों को मोड़ने में कोई दिक्कत ना हो यदि लोडिंग ऑटो को बस स्टैंड से नहीं हटाया गया तो कभी बड़ी दुर्घटना भी हो सकता है.

## अजाक्स के ब्लॉक अध्यक्ष बने पुरुषोत्तम

नवभारत न्यूज

**पठारी,** अजाक्स ब्लॉक कुरवाई की कार्यकारिणी का गठन स्थानीय साहू धर्मशाल में एक बैठक कर किया गया. जिसमें अजाक्स के जिला संरक्षक डॉ एसएस गोलियां अजाक्स के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सीएल वंशकार जिला महासचिव दिनेश कुमार नहरिया जिला कोषाध्यक्ष राजेश मोरे एवं अजाक्स के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रवि शंकर वंशकार की मौजूदगी में पूर्व तहसील अध्यक्ष पुरुषोत्तम अहिरवार को कुरवाई ब्लॉक का ब्लॉक अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया. इस दौरान कार्यकारिणी का गठन किया गया.जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रकाश वंशकार कुरवाई तहसील के तहसील अध्यक्ष तुलसीराम सूर्यवंशी, पठारी तहसील अध्यक्ष मनोज कुमार अहिरवार को बनाया गया.सभी पदाधिकारी की नियुक्ति सर्वसम्मति से की गई है.

## सहयोग से संकल्प पूरा करने श्रमदान दल ने लगाया बट का पौधा

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** बेतवा नदी को प्रदूषण मुक्त करने और पौधा लगाने का संकल्प सहयोग से पूरा करने के लिए रविवार को मित्रता दिवस पर श्रमदान दल ने बट का पौधा लगाया. दल के सदस्य आकाश जैन ने बताया बट का पौधा वृक्ष बनकर हमारे संकल्प का साक्षी बनेगा.बेतवा सुरक्षा संरक्षण के लिए चलाए गए कार्यक्रम की स्मृतियां बनकर आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देगा. पबई स्टेशन प्रबंधक नितेश राय ने बताया जिस प्रकार बट वृक्ष की विशालता हजारों लोगों को ऑक्सीजन और छाया प्रदान करती है.ठीक उसी प्रकार बेतवा नदी भी सैकड़ो लोगों की जीवन रेखा कहलाती है. अपनी निर्मलता की प्रेरणा देती है.हमारा भी कर्तव्य नदी और वृक्षों की सुरक्षा और संरक्षण देना है.जो हमें जीवन दान देते हैं.इस मौके पर दल के सदस्य दीपेश शर्मा, नीरज साहू, कोमल कुशवाह, रुद्रन सिंह राजपूत, नितिन अग्रवाल, योगेंद्र मांझी दिनेश चौरसिया ज्ञानक साहू और गोरी चौरसिया ने सेवा के प्रकल्प को गति देने का संकल्प लिया. इसके साथ सदस्यों ने बताया यह अभी हम अब आंदोलन बन गया है.


♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
नि:शुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें
बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से




## जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा**, शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शालेय खेलकूद प्रतियोगिता अन्तर्गत जिला स्तरीय राइफल एवं पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के नवीन भवन परिसर में किया गया. प्रतियोगिता में गंजबासौदा और लटेरी ब्लाक की टीमों ने भाग लिया. प्रतियोगिता के शुभारंभ पर ब्लाक खेल अधिकारी स्वतंत्र कुमार जैन ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बासौदा और लटेरी ब्लाक के खिलाड़ी ही शामिल हुए थे. इनमें से श्रेष्ठ राइफल शूटिंग के खिलाड़ियों से जिले की टीम तैयार की.

प्रतियोगिता के आयोजन में खेल शिक्षक स्वतंत्र कुमार जैन ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी, कपिल कुमार गौर, साहिब अली लटेरी, चेतन माथुर, रोहित रघुवंशी, गजेंद्र दांगी, मोनिका जैन, सुनील शर्मा के सहयोग से संपन्न कराई गई.चयनित खिलाड़ी आगामी माह में भोपाल में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे. सभी चयनित खिलाड़ियों को ब्लाक शिक्षाधिकारी परता अहिरवार, बीआरसी ब्रजेन्द्र सिंह रघुवंशी, उत्कृष्ट प्राचार्य एमसी शर्मा, सैण्ट एसआरएस डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने सभी चयनित खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं.

## बाढ़ और बारिश से फसलों के नुकसान पर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, मुआवजे की मांग

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कुरवाई विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार नागेश पावर को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश और पिछले सप्ताह बेतवा नदी में आई बाढ़ के कारण किसानों को हुए भारी नुकसान पर किसानों को हर संभव मदद दिए जाने की मांग की गई.**

ज्ञापन में कहा गया कि बाढ़ और अतिवृष्टि के कारण क्षेत्र के अधिकांश गांवों में सोयाबीन, मूंग, उड़द, मक्का और अन्य फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं.इससे पहले से ही कर्ज के बोझ तले दबे किसान हताश और निराश हैं. ज्ञापन में किसानों को अन्नदाता बताते हुए शासन-प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे कराया जाए और नुकसान का सही आकलन कर किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाए.इस अवसर पर कांग्रेस के जिला प्रभारी और पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं. प्राकृतिक आपदा ने उनकी मेहनत को बर्बाद कर दिया है. सरकार को तुरंत कदम उठाकर किसानों को राहत प्रदान करनी चाहिए. जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य रानी अहिरवार, जिला पंचायत सदस्य सीमा अहिरवार, वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह दांगी, उमेश तिवारी, बृजेश तिवारी, लक्ष्मण सिंह गुर्जर साबिर भाई रोजरु बलराम सिंह ठाकुर महेंद्र सिंह जाट हरि सिंह ठाकुर ने भी प्रशासन से शीघ्र सर्वे करने की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के हितों के लिए हमेशा उनके साथ खड़ी है. शहर कांग्रेस अध्यक्ष मजाज मोहम्मद ने प्रशासन से आग्रह किया कि सर्वे कार्य में पारदर्शिता बरती जाए और प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान की जाए कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवनारायण दुबे, नईम खान, जितेंद्र दांगी, राजकुमार बघेल, राजेंद्रसिंह दांगी, नगर परिषद उपाध्यक्ष इरफान काजी, पार्षद लालू पेंटर, जफर शेख, काशिफ खान, रमेश पारधी निर्भय सिंह यादव हर्ष रघुवंशी चुन्नू भाई गणेशाराम अहिरवार अशोक राठौड़ अमोल सिंह लोधी, विक्रम सिंह ठाकुर, अजय सिंह ठाकुर, अंसार खान, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता और स्थानीय किसान भी उपस्थित रहे.





